हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

---

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / परीक्षा / 2023 / 1168 दिनांक : 6 / 3 / 2023

**अधिसूचना ( 1168 )**

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व निर्गत अधिसूचना पत्रांक सं0 हे0न0ब0ग0वि0वि0 / परीक्षा / 2023 / 1128 दिनॉक 31 / 01 / 2023 एवं 1149 दिनॉक 17 / 02 / 2023 के क्रम में एतद्द्वारा समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि, **स्नातक एवं स्नातकोत्तर (सत्र 2022–23 )** के **प्रथम सेमेस्टर (बी0एड0 / एम0एड0 को छोड़कर) ]**की मुख्य एवं बैक पेपर के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि सक्षम अधिकारियों के अनुमोदन उपरान्त **विलम्ब शुल्क रू0 1000 / – के साथ** दिनॉक 07 / 03 / 2023 से 10 / 03 / 2023 तक विस्तारित की जाती है।

महाविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों का सत्यापन करने के पश्चात समस्त आवेदन –पत्र, प्रमाणित सूची एवं सांख्यिकी आंगणन (N.R.) सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की अन्तिम **तिथि 14 / 03 / 2023** तक हैं।

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव, परीक्षा

प्रतिलिपिः–

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला / शाह टाइम्स / राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक विश्वविद्यालय परिसर, बी0गोपाल रेड्डी परिसर पौड़ी गढ़वाल एवं एस0आर0टी0 परिसर बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल / प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जाँच एवं सत्यापन उपरान्त सूचीवद्ध **दिनांक 14 मार्च 2023 तक** विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।
3. सहायक कुलसचिव / अनुभागीय अधिकारी, परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्रों का शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र / ई–गर्वनेन्स को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे सम्बन्धित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करें। साथ ही विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर से सभी शुल्क का विवरण सत्पापित करवा कर रिकंसाईल करवा लिया जाये।
4. कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द / ई–गर्वनेन्स को इस आशय से प्रेषित कि उक्त तिथिवार परीक्षा आवेदन–पत्र छात्र / छात्राओं की सुविधा हेतु मान्यता अनुभाग से स्वीकृत सीटों के अनुसार Online करने का कष्ट करें।
5. वित्त अधिकारी / उप कुलसचिव / प्रभारी, उपकार्यालय बिन्दाल पुल देहरादून / प्रभारी, अति गोपनीय के सूचनार्थ प्रेषित।
6. परीक्षा नियंत्रक को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट **www.hnbgu.ac.in** पर प्रसारित करें।
8. निजी सचिव कुलसचिव–कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
9. निजी सचिव प्रति कुलपति, माननीय प्रति कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ।
10. निजी सचिव कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
11. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव, परीक्षा